महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिविन्यास और संवेदनशीलता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वर्धा, 03 सितंबर 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 02 से 10 सितंबर तक आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिविन्यास और संवेदनशीलता कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार 02 सितंबर को भारत के लगभग सभी राज्यों के 171 प्रतिभागियों के साथ हुआ। यह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा के प्रेरणा एवं सानिध्य में तथा केंद्र के निदेशक एवं साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रोफेसर अवधेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप दीपन, कुलगीत के साथ हुआ। शोधार्थी प्रिया माली ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। उपनिदेशक

डॉ. राजेश लेहकपुरे के निर्देशन में सहायक निदेशक डॉ. संदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी की। प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत सहायक निदेशक डॉ. के. सी. पाण्डेय ने किया। सहायक निदेशक डॉ. नरेंद्र पाल ने प्रतिभागियों के साथ समन्वय किया। प्रथम सत्र में वक्ता के रुप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. शरद कुमार मिश्र का व्याख्यान हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं भारतीय ज्ञान परंपरा तथा व्यवसायिक विकास एवं शैक्षणिक नेतृत्व विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शैक्षणिक नेतृत्व के लिए कौशल, ज्ञान एवं अनुभव के लौकिक प्रयोजन पर प्रकाश डाला।

दूसरे सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के स्वामी विवेकानंद केंद्र की निदेशक प्रो. शिवानी शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा शैक्षणिक नेतृत्व, शासन और प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वेद, उपनिषद में जो भाष्य हुए उन्हें व्यावहारिक धरातल पर विद्यार्थियों के अनुकूल एवं उनके हित में कैसे उपयोगी हो इस पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को उसके अभिधा ,व्यंजना एवं लक्षणा के साथ समझना होगा। कार्यक्रम की संपूर्ति केंद्र के निदेशक प्रो. अवधेश कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से की। सत्र का संचालन डॉ. रणंजय कुमार सिंह ने किया तथा अमित कुमार ने आभार माना। कार्यक्रम में विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. रवि कुमार, अंकित सिंह, धर्मराज एवं सौरभ पांडेय सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालयात राष्ट्रीय शिक्षण धोरण उन्मुखता व संवेदनशीलता कार्यक्रमाचे आयोजन

वर्धा, ०३ सप्टेंबर २०२५ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्राच्या वतीने ०२ ते १० सप्टेंबर दरम्यान आयोजित ऑनलाईन राष्ट्रीय शिक्षण धोरण उन्मुखता व संवेदनशीलता कार्यक्रमाचा शुभारंभ मंगळवार ०२ सप्टेंबर रोजी भारतातील सर्व राज्यांमधील १७१ सहभागींसह करण्यात आला. हा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरु प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या प्रेरणेने व मार्गदर्शनाने तसेच केंद्राचे निदेशक आणि साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार यांच्या नेतृत्वाखाली पार पडला.

कार्यक्रमाची सुरुवात सरस्वतीच्या प्रतिमेला माल्यार्पण, दीपप्रज्ज्वलन आणि कुलगीता ने झाली. शोधार्थी प्रिया माळी यांनी मंगलाचरण सादर केले. उपसंचालक डॉ. राजेश लेखकपुरे यांच्या देखरेखीखाली सहायक संचालक डॉ. संदीप कुमार वर्मा यांनी कार्यक्रमाची प्रस्तावना सादर केली. सहभागी व अतिथींचे स्वागत सहायक संचालक डॉ. के. सी. पांडे यांनी केले. सहायक निदेशक डॉ. नरेंद्र पाल यांनी सहभागींसोबत समन्वयन केला. प्रथम सत्रात दीनदयाल उपाध्याय गोरखपूर विश्वविद्यालयाच्या बायोटेक्नोलॉजी विभागाचे प्रो. शरद कुमार मिश्र यांनी राष्ट्रीय शिक्षण धोरण २०२०, भारतीय ज्ञान परंपरा, व्यावसायिक विकास व शैक्षणिक नेतृत्व या विषयावर व्याख्यान दिले. त्यांनी शैक्षणिक नेतृत्वासाठी आवश्यक कौशल्ये, ज्ञान व अनुभव यांचे महत्त्व अधोरेखित केले.

दुसऱ्या सत्रात पंजाब विश्वविद्यालय, चंदीगडच्या स्वामी विवेकानंद केंद्राच्या संचालिका प्रो. शिवानी शर्मा यांनी भारतीय ज्ञान परंपरा, शैक्षणिक नेतृत्व, प्रशासन आणि व्यवस्थापन या विषयावर सखोल मार्गदर्शन केले. वेद, उपनिषदे यामधील भाष्य विद्यार्थ्यांच्या हितासाठी व उपयुक्ततेसाठी प्रत्यक्षात कसे उतरवता येईल, यावर त्यांनी सविस्तर विवेचन केले. भारतीय ज्ञान परंपरेचा अभिधा, व्यंजना व लक्षणासह अभ्यास केला पाहिजे, असे त्यांनी नमूद केले.

कार्यक्रमाची सांगता प्रो. अवधेश कुमार यांनी ऑनलाईन माध्यमातून केली. सत्राचे संचालन डॉ. रणंजय कुमार सिंह यांनी केले तर अमित कुमार यांनी आभार मानले. यावेळी विधी विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. रवि कुमार, अंकित सिंह, धर्मराज, सौरभ पांडेय तसेच शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305